हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON

## Freedom RAIPUR RUN

**1 DEC 2024**
10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Time : 6.00 AM (Morning)

### उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि


मान. टंकराम वर्मा
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि

मान. पुरंदर मिश्रा
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि

मान. एजाज ढेबर
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि

मान. प्रमोद दुबे
सभापति
नगर निगम, रायपुर

### समापन समारोह

मुख्य अतिथि

मान. किरण देव
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता

मान. दीपक बैज
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि

मान. गुरु खुशवंत साहेब
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि

मान. विक्रम सिंह सिसोदिया
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

Title Sponsor
Freedom Refined Sunflower Oil

Prayer Partner
परिमल भारतवासी अगरबत्ती
भारत देश कि सर्व श्रेष्ठ खुशबू

Associate Sponsors
CONCRETE TMT & PIPES
मजबूती ही हमारा विश्वास है
IB GROUP
ABIS
RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH
R1

Health Partner
SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

Outdoor Partner
ASA ADVERTISING AGENCY

RAMA TMT BARS
ANDAR SE ATOOT
Vachan
Great Taste. Enriched Life
IFFCO
निजात
नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां.
रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

(BIB Distribution on 30th Nov.)
Venue - Haribhoomi Office, Raipur
Time - 11 AM. to 4 PM.
Only Registered Participants for BIB*

## खबर संक्षेप

### मसीहीजनों की चुनाव ड्यूटी नहीं लगाने की मांग

**रायपुर।** 'क्रिसमस' के अवसर पर मसीही समाज ने एक जनवरी तक मसीही अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया, प्रशिक्षण और चुनाव ड्यूटी नहीं लगाने की मांग राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह से की है। साथ ही पत्र की प्रति मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजी गई है। समाजसेवी एवं सेंट पॉल्स कैथेड्रल पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव पर्सिस सामुएल, सदस्य एडवोकेट सरिता सिंह, मुकेश पॉल व दीपक दास ने श्री सिंह से निवेदन किया है कि छत्तीसगढ़ के साथ ही संपूर्ण विश्व प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। पहली जनवरी नववर्ष तक यह पर्व मनाया जाएगा। मसीहीजनों के लिए आत्मिक और आध्यात्मिक रूप से दिसंबर का महीना बेहद महत्वपूर्ण है। महीनेभर विभिन्न पवित्र संस्कारों के साथ आराधनाएं होंगी। जैसा कि सूचनाएं मिल रही हैं कि दिसंबर मध्य से लेकर जनवरी में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संभावित हैं।

### उत्साह पूर्वक मनाई जा रही गीता जयंती

**रायपुर।** मान्यता के अनुसार मोक्षदा एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था और तभी इस दिवस को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। राजधानी में गीता परिवार रायपुर शाखा द्वारा 26 नवंबर उत्पन्ना एकादशी से 11 दिसंबर मोक्षदा एकादशी तक पंद्रह दिनी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान अलग-अलग दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर गीता पारायण आरती सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।11 दिसंबर अंतिम दिन सदर बाजार गोपाल मंदिर में दोपहर गीता परिवार द्वारा 18 अध्याय का पारायण आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### मेहर समाज की बैठक 1 दिसंबर को

**रायपुर।** केंद्रीय सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुरा में एक दिसंबर को छत्तीसगढ़ मेहर समाज की बैठक होगी। यह जानकारी समाज के महासचिव राकेश मेहर ने देते हुए बताया कि बैठक में प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन, स्नेह सम्मेलन पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे आरंभ होगी। बैठक में समाज के लोग भारी संख्या में शामिल होंगे।

### गायत्री को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर विश्वविद्यालय ने विवेकानंद महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक गायत्री को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय वुमन एम्पॉवरमेंट एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट : ए स्टडी ऑफ सेल्फ हेल्प ग्रुप्स इन छत्तीसगढ़ (ए स्पेशल रेफरेंस टू रायपुर डिस्ट्रिक) था। उन्होंने अपना शोधकार्य दुर्गा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. विजय कुमार चौबे के निर्देशन में पूर्ण किया।

### एमआईसी सदस्य ने आयुष्मान कार्ड बनवाने नागरिकों का किया सहयोग



**रायपुर।** नगर निगम के अलग-अलग जोनों में आयुष्मान कार्ड बनवाने से छूटे नागरिकों को सुविधा देने शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के नागरिकों के लिए दुर्गा मैदान स्थित सेवा सदन में 3 दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित है। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने शिविर स्थल पहुंचकर वार्ड वासियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग किया। नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित सेवा सदन दुर्गा मैदान में लगाए गए आयुष्मान कार्ड शिविर स्थल पर वार्डवासी अपने बच्चों को लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे। नागरिकों को कार्ड बनवाने के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए वार्ड पार्षद व्यवस्था की मानिटरिंग भी कर रहे हैं।

# धूल वाले 4 इलाकों में वायु प्रदूषण कम करने होगा पानी का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## नगर निगम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित पानी का होगा उपयोग

हरिभूमि फॉलोअप

शहर और उससे लगे 4 इलाकों में वायु प्रदूषण कम करने नगर निगम अब पानी का छिड़काव कराएगा। भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल मार्ग, जीई रोड स्थित एम्स हास्पिटल के पास वाला एरिया, औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के समीप वाला मार्ग इसमें शामिल है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जल विभाग के अधिकारियों को इसके लिए रूट प्लान तैयार कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल से धुंए का गुबार कम कराने निर्देश दिए हैं। ये ऐसे इलाके हैं, जहां धूल के गुबार से आए दिन लोग परेशान रहते हैं, वहीं वायु की गुणवत्ता भी इन इलाकों में बेहद खराब आकी गई है। सड़कों पर उड़ती धूल से वायु प्रदूषण के खतरे ने जहां आम आदमी की नींद उड़ा रखी है, वहीं केंद्र से शहर की वायु गुणवत्ता को सुधारने पंद्रहवें वित्त आयोग के माध्यम से अलग से राशि नगर निगम को दी गई है। सूत्रों के मुताबिक शहर से लगे औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा बेल्ट में प्रदूषण की भयावहता को देखते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ मिलकर रायपुर नगर निगम इस क्षेत्र में स्प्रिंकलर से धूल को दबाने पानी की फुहार छोड़ेगा। यही नहीं, सिलतरा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन स्पेस का विस्तार करने बड़े पैमाने में पौधारोपण की योजना बनाई गई है। गांधी सदन में बुधवार को नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की मौजूदगी में एयर क्वालिटी मानिटरिंग सेल की बैठक हुई। इसमें शहर की वायु गुणवत्ता को सुधारने के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में यह तय हुआ कि शहर में खुले में कचरा जलाने वालों पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी कार्रवाई करेंगे।

### 15 साल पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने पर जोर

शहर की सड़कों के सुधार कार्य करने और परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही 15 साल पुरानी हो चुकी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने के लिए प्रेरित करने जोर दिया गया। जानकारों का कहना है कि शहर में पुरानी गाड़ियों से भी प्रदूषण ज्यादा फैलता है। इसीलिए पुराने वाहनों को स्क्रैप करवाने लोगों को जागरूक किया जाएगा।




### दोपहिया, तिपहिया ई व्हीकल के लिए खुलेंगे चार्जिंग पाइंट

नगर निगम आने वाले दिनों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शहर में 3 लोकेशन पर ई व्हीकल चार्जिंग के लिए पाइंट की व्यवस्था कराएगा। खासकर के दोपहिया और तिपहिया वाहनों की चार्जिंग की सुविधा इससे आम जनता को मिलेगी।

# नॉमिनी बगैर बांट दिए स्थाई पट्टे, मुखिया की मृत्यु के बाद नाम चढ़ाने अब भटक रहे परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पूर्व कांग्रेस शासन काल में नजूल की जमीन पर लंबे समय से रहने वाले परिवारों को स्थाई पट्टा बांटे गए थे। इन पट्टों को जिनके नाम पर बांटे गए हैं, उनमें ऐसे कई परिवार हैं, जिनके पट्टे में नॉमिनी का उल्लेख ही नहीं है, जबकि सर्वे के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से उसकी जमीन, कब से निवास कर रहा है, पट्टा किसके नाम पर बनाना चाहता है और उसका नॉमिनी किसे बनाएंगे, इन सभी चीजों की बारीकी से पूछताछ करने के बाद ही लोगों को पट्टे बांटे गए थे, लेकिन इसके बाद भी जिन्हें पट्टे बांटे गए हैं, उनमें ऐसे सैकड़ों लोग हैं, जिनके पट्टे में नॉमिनी के नाम का उल्लेख ही नहीं है।

इधर नॉमिनी के नाम का उल्लेख नहीं होने के कारण पट्टेधारी की मृत्यु के बाद पट्टे में परिवार के अन्य सदस्य का नाम भी चढ़ नहीं पा रहा है। नाम चढ़ाने के लिए लोगों को अब नगर निगम और राजस्व विभाग कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत बांटे गए थे पट्टे


कांग्रेस शासनकाल में शहरी क्षेत्र में पट्टा देने के लिए रायपुर नगर निगम ने अप्रैल 2022 में सर्वे की शुरुआत की थी। राज्य सरकार की ओर से जारी राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत निगम क्षेत्र में 600 वर्गफीट तक की जमीन पर लंबे समय से रहने वाले लोगों को 30 साल के लिए स्थाई पट्टा दिया गया था। निगम क्षेत्र में ये पट्टे हजारों में बांटे गए थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना का भी नहीं मिल पा रहा लाभ

स्थाई पट्टा एक व्यक्ति के नाम पर है। इसमें पुरुष और महिला दोनों में से एक व्यक्ति के नाम का उल्लेख है, जबकि सर्वे के दौरान लोगों से उनकी मृत्यु होने पर पट्टा किसके नाम पर रहेगा, इसके लिए नॉमिनी के नाम की भी जानकारी ली गई थी, लेकिन जब स्थाई पट्टे बांटे गए, तो उनमें नॉमिनी के नाम का उल्लेख करना ही विभाग भूल गया। यही कारण है कि अब जिन पट्टेधारी की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि इस योजना के पात्र के लिए सबसे पहले जीवित व्यक्ति के नाम पर पट्टा होना चाहिए। ऐसे में लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**केस 1**

फुंडहर निवासी नीलाभ विश्वकर्मा के नाम पर पट्टा दिया गया था। इस पट्टे में नॉमिनी के नाम का उल्लेख नहीं है। नीलाभ की मृत्यु हो चुकी है। नीलाभ का परिवार कच्चे मकान में निवास कर रहा है, इसलिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाना चाहते हैं, लेकिन पट्टे में परिवार के दूसरे सदस्य का नाम नहीं चढ़ पा रहा है, जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है।




### 30 साल के बाद करना है नवीनीकरण

लंबे समय से झुग्गी झोपड़ी और कच्चे मकान में रहने वाले लोगों को 30 साल के लिए यह स्थाई पट्टा दिया गया है। इस तरह 30 साल की समय अवधि पूरी होने के बाद ही पट्टा हितग्राही को फिर से अपना पट्टा नवीनीकरण कराना है।

**केस 2**

फुंडहर निवासी टीकम साहू को भी स्थाई पट्टा मिला था, लेकिन अब उसकी भी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उसके पट्टे पर परिवार के दूसरे सदस्य का नाम चढ़ नहीं पा रहा है। उसके परिवार के लोगों ने जोन-10 कार्यालय में भी आवेदन किया, लेकिन उन्हें वहां से निराशा हाथ लगी है।

**केस 3**

दुकालू निषाद निवासी फुंडहर को भी कांग्रेस शासनकाल में ही स्थाई पट्टा मिला था। यह पट्टा उसके नाम पर था। उसकी भी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उसके परिवार के सदस्य पट्टा में नाम बदलवाने के लिए निगम और राजस्व कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इस परिवार को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**केस 4**

तुकाराम साहू ने बताया कि फुंडहर क्षेत्र में करीब 50 लोगों को कांग्रेस शासनकाल में स्थाई पट्टा वितरण किया गया है, लेकिन इन पट्टों में नॉमिनी का उल्लेख नहीं है। जिन लोगों के नाम पर पट्टे दिए गए हैं, उनमें कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में उनके परिवार के सदस्य अब पट्टे में परिवार के दूसरे सदस्य का नाम दर्ज कराना चाहते हैं।

### चेक कराता हूं ऐसा है तो निराकृत करेंगे समस्या

निगम क्षेत्र में पूर्व कांग्रेस शासन काल में बांटे गए स्थाई पट्टों में अगर किसी पट्टेधारी की मृत्यु हो चुकी है, तो उस परिवार का दूसरा सदस्य अपना नाम चढ़ाने आवेदन कर सकता है। अगर ऐसे मामले हैं, तो चेक कराता हूं। समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

*- अबिनाश मिश्रा, कमिश्नर, नगर निगम रायपुर*

### इंडोर स्टेडियम से लेकर जोन कार्यालय में बांटे गए थे पट्टे

निगम ने इंडोर स्टेडियम से लेकर जोन कार्यालयों में स्थाई पट्टा का वितरण किया था। इंडोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम आयोजित करके करीब पांच हजार लोगों को स्थाई पट्टे बांटे गए थे। इस कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मनोज वर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे समेत निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# डॉ. ओमप्रकाश बने प्रदेश देवांगन समाज के अध्यक्ष




**रायपुर।** सांईस कॉलेज परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडोटेरियम में बुधवार को प्रदेश देवांगन समाज छग का आमसभा एवं सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में समाज के संरक्षक, जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी पदाधिकारियों ने कहा कि, देवांगन समाज के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए एक शसक्त एवं सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके बाद सभी संरक्षकों और जिलाध्यक्षों से आम राय के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से डॉ. ओमप्रकाश देवांगन का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे आमसभा समर्थन एवं अनुमोदन किया गया। इस प्रकार डॉ. ओमप्रकाश देवांगन निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किए गए। इसी दौरान अध्यक्ष डॉ. देवांगन ने कहा कि, सभी से सलाह मशविरा के बाद अपनी कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र ही करेगें।

**सम्मेलन में ये रहे उपस्थित :** अखिल भारतीय देवांगन कोष्टा समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन ने बताया कि इस आमसभा में कुंजलाल देवांगन, महेश देवांगन, रामगोपाल देवांगन, धनेश देवांगन, अमृत देवांगन, लक्ष्मी नारायण देवांगन, पुरानिक देवांगन, विनय देवांगन, चिरजीव देवांगन, नरेंद्र देवांगन, मनोज देवांगन, मूलचंद देवांगन, जेठू राम देवांगन, विनय देवांगन, जितेंद्र देवांगन, बीएल तरार, आनंद देवांगन, अमरनाथ देवांगन, विमल देवांगन, पवन देवांगन, सुरेश देवांगन, विनोद देवांगन, चन्द्रहास देवांगन, परस देवांगन, हरीश देवांगन, वेद लाल देवांगन, होरीलाल देवांगन, गेंदलाल देवांगन, डोमेश देवांगन, गोपी देवांगन, आनंद देवांगन, मोहनी देवांगन, राकेश देवांगन, झब्बूलाल देवांगन, दयावान देवांगन, गजेंद्र देवांगन, नरेंद्र चोचाराम देवांगन इत्यादि प्रमुख है।

# बढ़ती ठंड पर चक्रवाती तूफान 'फेंगल' का लगेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दिसंबर की शुरुआत कम ठंड से होने के आसार

राज्य में बढ़ रही ठंड पर दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने चक्रवाती तूफान फेंगल का ब्रेक लगने की संभावना है। इसके प्रभाव से बस्तर और मध्य इलाके में दिन में हल्के बादल छाए हुए हैं और दो दिन में उत्तरी क्षेत्र के भी प्रभावित होने की संभावना है। इस तूफान के बाद आने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दिसंबर की शुरुआत कम ठंड के साथ होने की गुंजाइश है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार नवंबर में ठंड का यह चक्र काफी दिनों का रहा, जिस पर अब ब्रेक लगने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बंगाल की खड़ी के ऊपर बना गहरा अवदाब प्रबल होकर चक्रवाती तूफान फेंगल के रूप में तब्दील होगा। इसके अगले दो दिन में श्रीलंका से होते हुए तमिलनाडु तट तक पहुंचने के आसार हैं। इससे मिलने वाली नमी का प्रभाव दिन में हल्के बादल के रूप में रायपुर, जगदलपुर सहित दोनों क्षेत्रों में नजर आ रहा है। रात के तापमान में किसी तरह की गिरावट भी नहीं हुई है और अगले चौबीस घंटे में भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। शुक्रवार से राज्य के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है।

**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | दिन का पारा | रात का तापमान |
|---|---|---|
| रायपुर | 29.2 | 14.5 |
| बिलासपुर | 27.6 | 13.0 |
| पेंड्रा | 25.2 | 9.2 |
| अंबिकापुर | 26.2 | 8.2 |
| जगदलपुर | 25.9 | 11.0 |
| दुर्ग | 30.8 | 11.4 |

# प्रतिबंधित दवाइयां मिलीं तो निरस्त होंगे मेडिकल स्टोर के लाइसेंस

*कलेक्टर गौरव सिंह ने दिए निर्देश*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में बढ़ रही नशाखोरी को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने अब मेडिकल दुकानों की भी विशेष निगरानी और जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने बुधवार को एक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाइयां मिलती हैं, तो उसका लाइसेंस निरस्त किया जाए। कलेक्टर ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय गठित समिति की मासिक बैठक ली। इस बैठक में एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उन्होंने कहा कि नशे की दवा एवं सामग्री बेचने वालों पर रोक लगाने के साथ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

इसके लिए मेडिकल स्टोर में भी प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने, अधिकारियों को दो टूक में कहा कि किसी भी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाइयां मिलती हैं तो उसका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस मिलकर नशे के सामानों की बिक्री करने वालों पर कड़ी निगरानी करें और नियमित रूप से राजधानी में संचालित समस्त मेडिकल स्टोर की जांच करे। उन्होंने यह भी कहा कि नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग इस बुरी लत से दूर रहें।

# सड़क किनारे खड़े वाहनों और अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मेकाहारा चौक से स्टेशन तक कार्रवाई के लिए निकली टीम



शहर की सड़कों पर ट्रैफिक बाधित करने वाले सड़क किनारे खड़े वाहनों और ठेले-गुमटियों पर अब कार्रवाई होगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन, नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई है। इस टीम ने बुधवार को मेकाहारा चौक से रेलवे स्टेशन तक अभियान चलाकर दो आटो को जब्त किया है। वहीं नगर निगम की टीम ने 4 ठेलों को आंबेडकर चौक के पास से जब्त किया है। साथ ही अन्य वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई।

दरअसल, सड़कों के किनारे वाहन खड़े होने और अतिक्रमण होने की वजह से सड़कें सकरी हो रही हैं। इसकी वजह से राजधानी के कुछ मार्गो पर सुबह और शाम के समय में यातायात बाधित होने से लोग परेशान हैं। जन शिकायत के बाद सुगम आवागमन उपलब्ध कराने जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही जहां बड़े-बड़े बेसमेंट में पार्किंग पर अवैध तरीके से गोदाम बनाया गया है, उन पर भी कार्रवाई करने विभागीय अफसरों को हिदायत दी गई है।

एसएसपी संतोष सिंह और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सड़कों पर अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# उच्च अध्ययन के लिए 65 चिकित्सा अधिकारियों को जारी हुई एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- ले सकेंगे एमडी-एमएस पढ़ाई के लिए एडमिशन

चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों को मंत्रालय के चक्कर से राहत मिल गई है। बुधवार को शासन की ओर से 65 चिकित्सा अधिकारियों को एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद चिकित्सा अधिकारियों को अनुबंध सेवा के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किया गया था। इनका चयन पीजी की पढ़ाई के लिए हुआ था और विभिन्न मेडिकल कालेज में एडमिशन लेना था। पिछले साल तक ऐसे विद्यार्थियों को शपथपत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाता था और छह माह के भीतर शासन की एनओसी जमा करने की सुविधा दी जाती थी। इस बार प्रवेश के दौरान ही अनापत्ति प्रमाणपत्र मांगा गया है, जिसकी वजह से चिकित्सा अधिकारी चिंतित थे। मामले में उनकी ओर से चिकित्सा शिक्षा संचालनालय तक अपनी बात पहुंचाई थी। मामले में संज्ञान लेते हुए शासन की ओर से विभिन्न हेल्थ सेंटरों में सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। नियम के मुताबिक उच्च अध्ययन के दौरान उनकी अनुबंध सेवा पूरी नहीं हुई है इसलिए अवधि को पीजी की पढ़ाई के बाद इसे पूर्ण करना होगा। साथ ही बांड नियम के तहत शासकीय मेडिकल कालेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के बाद दो साल की ग्रामीण सेवा भी पूरी करनी होगी।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
PHILIPS
47 Years of Trust
130+ Experience Centres Pan India
Google Rating
PHILIPS Authorized dealer
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 धूल वाले 4 इलाकों में वायु प्रदूषण कम करने होगा पानी का ...



12 बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए कार्ययोजना ...



# अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में सरिता ने 3 सिल्वर सहित 4 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया बेमेतरा की चतुर्थ वर्ष की छात्रा सरिता पोयाम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालिका वर्ग दौड़ 1500 मीटर और 800 मीटर में रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही ग्रुप इवेंट खो-खो में रजत पदक, एवं रिले रेस में कांस्य पदक जीते।

- बालिका वर्ग 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ में जीता रजत

अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता 2024 में छात्रों के चयन लिए 12 नवम्बर से 14 नवम्बर तक अन्तर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित किया गया था।

प्रतियोगिता में आकाश कुमार ऊंची कूद में स्वर्ण और लंबी कूद में रजत पदक, बालक वर्ग कब्बड्डी में रजत पदक, रिले रेस बालक व बालिका दोनों वर्ग में कांस्य पदक, दौड़ बालक वर्ग 100 व 200 मीटर में अनिकेत, 1500 मीटर में दिव्यांशु ने कांस्य पदक एवं बालिका वर्ग दौड़ 1500 मीटर में सरिता, 400 मीटर में ज्योति ने रजत पदक, मोहिनी ने 800 मीटर में कांस्य पदक, गोला फेंक में दिव्यांशु और आरती ने रजत पदक, भाला फेंक में पंकज रात्रें ने रजत पदक, टेबल टेनिस डबल में हनी वर्मा और वर्षा ने रजत पदक जीते।

## व्यक्तिगत व सामुहिक दोनों में शानदार प्रदर्शन




### 5 खिलाड़ियों का हुआ था चयन

अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता 2024 के लिए महाविद्यालय के 05 छात्रों सरिता पोयाम चतुर्थ वर्ष, प्रशांत तृतीया वर्ष, सुमित सिकदार, वैभव कश्यप व ज्योति मार्को द्वितीय वर्ष का चयन हुआ था। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ संदीप भंडारकर ने कहा कि खेल छात्रों के जीवन में केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है, बल्कि छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क जैसे गुणों का विकास भी करता है। अधिष्ठाता डॉ संदीप भंडारकर, टीम मैनेजर डॉ असित कुमार, डॉ हेमलता निराला, कोच डॉ. उमेश कुमार ध्रुव, डॉ नूतन सिंह ने छात्रों के इस कड़ी मेहनत के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप



### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव ने यादव रावत समाज प्रमुखों की ली बैठक

**बेमेतरा।** यादव रावत जाति का परीक्षण एवं क्षेत्र अध्ययन करने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव बीरू कुमार साहू जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने सहायक अनुसंधान अधिकारी अनिता डेकाटे एवं अभिषेक कुमार जायसवाल सहायक आयुक्त आदिवासी विकास की मौजूदगी में यादव रावत जाति के समाज प्रमुखों की बैठक लेकर उनसे चर्चा की। इस दौरान केन्द्र सरकार की सूची शामिल किए जाने के साथ साथ यादव रावत जाति की परंपरा खान-पान, वेशभूषा, नृत्य, शादी, बांस गीत, उनके रोजगार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला कोसरिया यादव समाज अध्यक्ष रविंद्र यादव, सच्चिदानंद यदु, आनद यादव, सुरेश यादव, नारद यादव, हेमकांत यादव, पुरषोत्तम यादव, अमित यादव, मनहरन यादव, ललित यादव, नंदू यादव, सोनू यादव, गौकरन यदु सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### संविदा तकनीकी सहायकों की चयन सूची जारी

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में जिला पंचायत बेमेतरा अंतर्गत 08, 11 एवं 14 नवंबर 2024 को शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय जिला बेमेतरा में पदवार कौशल परीक्षा तद्धपरांत 22 एवं 25 नवंबर 2024 को कलेक्टर कार्यालय में साक्षात्कार आयोजित किया गया। इसके तहत जनपद स्तर पर रिक्त संविदा तकनीकी सहायक-04 पद हेतु कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार उपरांत चयन समिति द्वारा किए गए सूक्ष्म परीक्षण के आधार पर अभ्यर्थियों का मेरिट सूची, मुख्य चयन सूची, प्रतीक्षा चयन सूची जारी कर दी गई है। इसके साथ ही कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के प्राप्तांक को जिले की वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। इसे कार्यालय के सूचना फलक पर भी देखा जा सकता है।

### विकासखंड समन्वयकों की चयन सूची जारी

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत रिक्त संविदा पदों की पूर्ति के लिए निर्देशित किया गया था। विकासखंड समन्वयक के संविदा भर्ती के लिए शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय जिला बेमेतरा में पदवार कौशल परीक्षा के बाद कलेक्टर कार्यालय में साक्षात्कार आयोजित किया गया। जनपद स्तर पर रिक्त संविदा विकासखण्ड समन्वयक-01 एवं जिला स्तर के सहायक प्रोग्रामर 01 पद के लिए कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद चयन समिति द्वारा किए गए सुक्ष्म परीक्षण के आधार पर अभ्यर्थियों की मेरिट सूची, मुख्य चयन सूची, प्रतीक्षा चयन सूची जारी कर दी गई है। इसके साथ ही कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के प्राप्तांक को जिले की वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। इसे कार्यालय के सूचना फलक पर भी देखा जा सकता है।

### शीतला मंदिर से माता के गहने और नकदी चोरी

**भिलाई।** टंकी मरोदा स्थित मां शीतला कल्याणी मंदिर में चोरी की घटना हुई। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर गर्भगृह में पहुंचे और यहां माता की श्रृंगार सामग्री और दान पेटी में रखे गए नगदी ले गए।। नेवई पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंदिर के पुजारी 24 नवंबर को रोजाना की तरह रात्रि करीब 9 बजे मंदिर बंद कर ताला लगाकर अपने घर चले गया ।

## कार्यक्रम : विधायक दीपेश ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# ग्राम पंचायत जिया के लोगों को मिली 78 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिया में विधायक सम्मान समारोह एवं मातर मड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने लगभग 78 लाख रूपये की लागत राशि के विभिन्न विकासकार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम जिया में कार्यलय सह - गोदाम निर्माण सेवा सहकारी समिति के 25 लाख 98 हजार लागत राशि, प्राथमिक शाला जिया में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 24 लाख 30 हजार रूपये, मेन रोड से बाईपास रोड तक सीसी रोड निर्माण 20 लाख रूपये, कर्मा भवन में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख रूपये, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार की राशि, मेन रोड से सीताराम सेन के घर तक 2 लाख 60 हजार, मेन रोड से कृपाल के घर तक सीसी रोड 2 लाख रूपये, कबीर आश्रम में टाइल्स कार्य के लिए 1 लाख रूपये के विकास कार्य शामिल हैं।




### सरकार बनते ही पूरा किया वादा

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए विष्णुदेव की सुशासन वाली सरकार अपना चुनावी घोषणा पत्र का हर वादा कुछ ही महीनों में पूरा करके निभाया है। इसमें किसानों को 2 साल का बकाया बोनस, 31 सौ रूपये के भाव से धान खरीदी, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रूपये देने जैसे अपने सभी वादे सरकार बनते ही पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ में सांय-सांय विकास हो रहा है। इस दौरान छोटू राम साहू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, डेसाहब वर्मा, केशव साहू, टीकाराम साहू, अशाहा वर्मा, रज्जु पाल, लेखमणी वर्मा, शिव कुमार विश्वकर्मा, नवीन तिवारी, महेतरु वर्मा सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### आप लोगों की मांग के अनुरूप होंगे विकास कार्य

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक साहू ने सबसे पहले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देकर भाजपा सरकार बनाने और प्रधानमंत्री मोदी का हाथ मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सभी ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों का आभार जताया। उसके बाद उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों ने आशीर्वाद देकर मुझे क्षेत्र का जनप्रतिनिधि विधायक के रूप मे चुना है, तो अब आगे मेरी जिम्मेदारी है कि आप लोगों की पांच साल तक सेवा करूं। उन्होंने कहा कि आप लोग जैसे विकास चाहेंगे हम सब मिलकर गांव क्षेत्र और पूरे विधानसभा का हर गांव गली मोहल्ला में विकास करेंगे।

# कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में देरी, 21 मिलरों को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग का कार्य 120 पंजीकृत राइस मिलर्स द्वारा किया जा रहा था। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, जिले को 3,58,935 मीट्रिक टन चावल का उपार्जन करना था । अब तक भारतीय खाद्य निगम और नागरिक आपूर्ति निगम में 2,43,698 मीट्रिक टन चावल जमा किया जा चुका है। शेष 1,14,883 मीट्रिक टन चावल अभी भी जमा किया जाना बाकी है। जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस संबंध में चावल जमा करने में देरी करने वाले 21 पंजीकृत राइस मिलरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

- कलेक्टर रणबीर शर्मा ने की कार्रवाई

इन मिलर्स को कस्टम मिलिंग चावल जमा कराने हेतु स्टैक आबंटित किए गए थे। हालांकि, 20 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद ये मिलर्स आबंटित स्टैक को पूर्ण नहीं कर सके हैं। कलेक्टर ने संबंधित मिलरों को सख्त निर्देश दिए हैं कि समयावधि के भीतर चावल जमा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि चावल जमा करने में और देरी होती है, तो नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले में प्रशासन ने कस्टम मिलिंग प्रक्रिया को समय पर पूरा करने और लक्षित चावल जमा कराने की प्रक्रिया को सख्ती से लागू करने का आश्वासन दिया है। मिलरों को चेतावनी दी गई है कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नष्ट की जाएगी जिले में जब्त की गई शराब

- एसपी साहू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ली थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिले पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जब्त शराब की नष्टीकरण के लिए न्यायालय निर्णय उपरांत जब्त शराब को नजारात शाखा में जमा करने के निर्देश दिए। वहीं, थाना चौकी में दर्ज आबकारी एक्ट के प्रकरणों में मालखाना में जब्त शराब की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने कहा कि थाना/चौकी में दर्ज आबकारी एक्ट के ऐसे प्रकरण जिसमें न्यायालय द्वारा निर्णय दिया गया है जिस पर जब्त शराब थाना/चौकी में रखे होने के साथ ही ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में विचाराधीन है ओर जब्त शराब थाना/चौकी में रखा है। इस पर एसपी नेजब्त शराब नष्टीकरण के लिए न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने निर्देश दिए, ताकि शराब नष्टीकरण की कार्यवाही जल्द से जल्द की जा सके। बैठक में यह भी कहा कि सभी अपने क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते अपराध नियंत्रण एवं लघुअधिनियम प्रकरणों में ध्यान केंद्रित करते हुए अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की चार नवीन शाखाओं का शुभारंभ आज

**बेमेतरा।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की 4 नवीन शाखाओं बदनारा, कन्हेरा, सत्धा और गोड़गिरी का शुभारंभ 29 नवंबर को ग्राम बदनारा (नवागढ़) में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप होंगे, अध्यक्षता खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल करेंगे। लोकसभा सांसद विजय बघेल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू, ओम प्रकाश जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सुविधाएं प्रदान करने और सहकारी समितियों को सशक्त बनाने में सहायक होगा। किसानों, मजदूरों और छोटे उद्यमियों को ऋण, बचत और अन्य बैंकिंग सेवाओं की सुलभता मिलेगी, जिससे क्षेत्र में आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल सहकारिता के सिद्धांतों को मजबूत करते हुए ग्रामीण उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# डीएलएड की पूरक परीक्षा का डाइट प्राचार्य ने किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में डीएलएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षाएं चल रही हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं सुबह की पालियों में संचालित की जा रही हैं। डाइट संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे और केंद्राध्यक्ष अनिल कुमार सोनी के साथ प्रथम वर्ष की परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया। डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की सभी विषयों की पूरक की परीक्षाएं शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होना पाया गया।

प्राचार्य ने परीक्षा देने वाले सभी छात्राध्यापकों को उनके उज्ज्वल व सुखद भविष्य की कामना के साथ उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। दोनों वर्ष की पूरक की परीक्षाएं प्रातः 8 से 11:15 तक संचालित हो रही है। बता दें कि संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता व पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी को केंद्राध्यक्ष तथा व्याख्याता डॉ बसुबंधु दीवान को परीक्षा समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। परीक्षा कार्य सहयोगी के रूप में कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा ने कार्यालयीन कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। पर्यवेक्षक के रूप में नीलिमा साहू ने सहयोग प्रदान किया।

## जनपद पंचायत बेरला में जिम्मेदारों की लापरवाही से बढ़ा खतररा

# जनरेटर में लग रहा जंग, उलझे तारों से शार्ट-सर्किट का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला प्रशासन के गैरजिम्मेदाराना रवैए के कारण लाखों रुपये के जनरेटर पर जंग लगा रही है। इससे जनपद पंचायत बेरला की कार्यशैली व कार्यप्रणाली की चर्चा सुर्खियों में है।

एक तरफ शासन प्रशासन जनपद पंचायत के विकास कार्य को लेकर लाखों रुपये आबंटित कर रही है, लेकिन इस तरह गैरजिम्मेदारा अमले के कारण शासकीय पैसों का अनुपयुक्त व्यवहार हो रहा है। इसी तरह जनपद पंचायत कार्यालय बेरला में सालों से परिसर में मौजूद जीप वाहन भी अनुपयोगी साबित होते हुए खुले आसमान में जंग व कबाड़ में तब्दील हो रही है। इसके अलावा कार्यालय के चारों ओर मकड़ जाल की भांति तार का बिछे होने से बड़ी दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। इससे शार्ट सर्किट होने की आशंकन बनी रहती है। यदि तार में आग लग गई, तो जनपद पंचायत बेरला कार्यालय में कई सारे फाइल, कम्प्यूटर, 102 ग्राम पंचायत के लेखा जोखा दस्तावेज जैसे कई महत्वपूर्ण चीजें एवं मशीनों को नुकसान पहुंच सकता है। इस लापरवाही के कारण जनपद पंचायत को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। इसका खामयाजा शासन प्रशासन सहित ग्राम पंचायत व अंचल वासियों को भी भुगतना पर सकता है।



### कार्यालय के कर्मचारियों व दस्तावेजों के लिए खतरा

बहरहाल जनपद पंचायत बेरला में जनरेटर खराब व कबाड़ बन रहा है, जो एक तरह से खतरा है। सुरक्षा युक्तियों के अनुसार जनरेटर को जनपद से कम से कम 20 फीट की दूरी पर रखा जाना चाहिए और इंजन से निकलने वाली गैस को खिड़कियों या दरवाजों से दूर रखना चाहिए। यह लापरवाह और खतरनाक कर्मचारियों के साथ साथ बाजु में स्थित बिजली ट्रांसफार्मर पर जोखिम पैदा कर सकता है। इस प्रकार यह बिजली की आग का कारण भी बन सकता है। लाखों रुपए से निर्मित जनरेटर से बिजली बंद हो जाने के वक्त कारण कई सारे काम रुक जाते है।

# मोबाइल छीनने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी थाना भिलाई ने मोबाइल छीनने वाले दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एस. वंशी उर्फ रॉकी पिता एस. देवा उम्र 21 वर्ष निवासी शीतला मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार और दीपक कुमार भारती पिता रमेश चंद भारती उम्र 19 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास डबरापारा हैं। इन युवकों ने प्रार्थी सोमेश साहू उम्र 18 वर्ष निवासी मकान नम्बर ई-78 बिजली नगर कबीर पान ठेला के पीछे रहने वाले से मोबाईल छीन कर भाग गए थे। सोमेश इंटरनेट स्लो चलने से घर से बाहर निकलकर बस स्टाप के पास आकर बैठा था। रात्रि करीबन 10.10 बजे एकता नगर की ओर से ये आरोपी आए और मोबाईल को झपटकर भाग गए थे।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नवागढ़ में 19 से 21 तक पंथी नृत्य प्रतियोगिता

**रायपुर।** राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों के पंथी नर्तक दल हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता बेमेतरा जिले के विकासखण्ड मुख्यालय नवागढ़ में 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के नेतृत्व में सतनामी समाज प्रमुखों के दल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में भेंट कर उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने का न्योता दिया।

### रेडी टू ईट बनाने के लिए काम देने का वादा, भूल गई सरकार

**रायपुर।** आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए 1786 स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले रेडी टू ईट को सरकार ने बांटने की मुहिम 2009 में शुरू करते हुए हजारों महिलाओं को काम दिया। वहीं पूर्व सरकार ने समूहों के हाथ से इस काम को छीनकर प्राइवेट एजेंसी को दे दिया। इसके खिलाफ जब महिलाओं ने मोर्चा खोला, तो बीजेपी ने सत्ता में आने पर वापस काम देने का भरोसा दिलाया और इसे घोषणापत्र में शामिल किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला स्व सहायता समूह रेडी टू ईट संघ की कल्पना पाटिल, सरस्वती दुबे, रेखा तिवारी, मोंगरा देवी साहू, पिंकी वर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि हमें मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली कि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पूर्व में रेडी टू ईट बनाने वाले समूहों को वापस काम दिलाने के लिए प्रक्रिया कर रही हैं। इससे उम्मीद जगी कि हमें काम मिलेगा। सच्चाई यह है कि पूर्व में रेडी टू ईट बनाने वाली महिलाएं अभी तक बेरोजगार हैं। हमें रेडी टू ईट का पैकेट तैयार करने के लिए अभी तक कोई दिशा-निर्देश नहीं मिला है। अगर समय रहते रेडी टू ईट बनाने का काम हमें वापस नहीं दिया गया, तो उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

### घायल जवानों को राज्यपाल ने दी आर्थिक सहायता

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने अपनी संवेदनषीलता का परिचय देते हुए नक्सली हिंसा में घायल हुए कांकेर जिले के जिला रिजर्व फोर्स के दो जवानों खिलेष्वर गावड़े और हिरामन यादव को बेहतर ईलाज के लिए 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता अपने स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है। इसके अलावा सषस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर संचालनालय सैनिक कल्याण बोर्ड को 2 लाख रूपए की राषि भी स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है।

### एक फोन से विजय लक्ष्मी को मिली मेडिकल अलाउंस राशि

**रायपुर।** एक फोन से वार्ड नंबर-35 निवासी विजय लक्ष्मी चौहान को मेडिकल अलाउंस की राशि मिल गई। उसने कलेक्टोरेट जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन करके मेडिकल अलाउंस देरी से मिलने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि वह राजस्व विभाग में पदस्थ है। उन्होंने राजधानी स्थित एमजीएम अस्पताल में आंख का आपरेशन करवाया था। उनको 33 हजार 6 सौ रूपए का बिल विभाग से मिलना था, लेकिन भुगतान मिलने में देरी हो रही थी। इस शिकायत के बाद संबंधित विभाग ने तत्काल मेडिकल बिल का भुगतान करवा दिया, जिसकी जानकारी विजय लक्ष्मी को दी गई।

---

### दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक ने ली विशेषज्ञ व्याख्याताओं की बैठक में दिए निर्देश

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए कार्ययोजना बना कर करें क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम उन्नयन के उद्देश्य से जिले के विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं की एक आवश्यक बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक रूपलाल ठाकुर ने कहा कि लोक शिक्षण संचालनालय ने विशेष रूप से बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु आवश्यक कार्ययोजना बना कर क्रियान्वित करने निर्देशित किया है।

बैठक में आप लोगों को प्रश्नपत्र निर्माण,ब्लू प्रिंट सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी जाएगी जिसे आप विकासखंड स्तर पर आयोजित कार्यशाला में अन्य विषय शिक्षकों को देंगे। उन्होंने कि आप सबका समन्वित एवं सार्थक प्रयास न केवल आपके जिले के परीक्षा परिणाम में सुधार करेगा वरन संभाग और प्रदेश में बेमेतरा की स्थिति सम्मानजनक होगी। अतः आप सब अपनी संपूर्ण क्षमता और योग्यता से विद्यार्थियों के हित में कार्य करें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.कमल कपूर बंजारे ने परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिए जिले की कार्य योजना से परिचित कराया,उन्होंने बताया कि जिले के विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं की एक टीम तैयार की गई है जो जिले के विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों का विशेष मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों को ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्नपत्र से अर्ध वार्षिक परीक्षाआयोजित करने,समय सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण करने, अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन, कमजोर विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक कक्षा, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर विशेष कोचिंग की व्यवस्था एवं राज्य के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थाओं का भ्रमण जैसी योजना बनाई गई है।

#### ब्लू प्रिंट की संरचना समझाई

सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने प्रश्न पत्र निर्माण की प्रक्रिया में ब्लू प्रिंट की भूमिका तथा विभिन्न विषयों के ब्लू प्रिंट की सरंचना को सविस्तार समझाया। सहायक संचालक एस.पी. कोसले वरिष्ट प्राचार्य एस.एस.ठाकुर एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के विषय विशेषज्ञ विकेश यादव ने भी ब्लू प्रिंट के विभिन्न उद्देश्यों, कठिनाई स्तर, विषय वस्तु,तथा ब्लू प्रिंट पर आधारित प्रश्न पत्र निर्माण पर विस्तृत चर्चा की। उपस्थित विषय विशेषज्ञों ने भी कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला दुर्ग के सहायक संचालक एस.एन. व्ही.स्वामी, संस्था प्राचार्य संत राम साहू, एपीसी भूपेंद्र साहू, संघ के अध्यक्ष बलदाऊ पटेल, सहित जिले के विद्यालयों के व्याख्याता उपस्थित थे।

---

# फाइलेरिया रोग प्रबंधन के संबंध में मरीजों को दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के निर्देश पर हाथीपांव(फाइलेरिया) की रोकथाम के साथ एमएमडीपी (रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ एमएम रजा, बीपीएम सीके देवांगन, बीईटीओ यूआर ध्रुव की उपस्थिति में फायलेरिया ग्रसित मरीजों को घरेलू रोग प्रबंधन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। गुलाब साहू ने मरीज की पैर धुलाई का प्रदर्शन करके बताया गया कि प्रभावित अंग की देखरेख प्रतिदिन 2 बार धुलाई करके किया जाना है। पैर को धोने के बाद साफ कपड़े से धीरे-धीरे पोंछना है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया।

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में हुआ शिविर का आयोजन

बीएमओ डॉ एमएम रजा ने बताया कि हाथीपांव ग्रसित मरीज को प्रत्येक 6 माह में डीईसी दवाई का सेवन करना है, जिससे रोग के फैलाव को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। शिविर में समस्त स्वास्थ्य स्टाफ, मरीज व परिजन उपस्थित रहे।

---

## प्राथमिक शाला गुवारा में समाज सेविका सरिता ने दिया न्योता भोज

**थानखम्हरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला गुवारा में थानखम्हरिया की समाज सेविका सरिता जैन के द्वारा न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी, छोले, चावल, दाल एवं फल परोसा गया। भोजन से पूर्व समाज सेविका सरिता जैन ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से सामान्य ज्ञान और विषय संबंधित चर्चा की और कड़ी मेहनत कर अपने सपने साकार करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को कॉपी-पेन और शाला के लिए थाली प्रदान की।



सभी पालकों एवं शिक्षकों को गौ माता की धातु का प्रतीक चिन्ह जैन द्वारा भेंट किया गया। उन्होंने गौ सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर शाला प्रमुख बिमला सिन्हा, शिक्षक सुनिल शर्मा, गुवारा से भीखू यादव, लुकेश अग्रवाल, शाला प्रबंधन समिति से हरिश्चंद्र चंद्राकर ,लुकेश्वरी यादव, हीरा यादव तथा शाला के रसोईए उपस्थित थे।

## बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार आज प्रतिभा सम्मान सहित होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार उनकी पुण्यतिथि 29 नवंबर को प्रतिवर्ष विद्यालय प्रांगण में मनाया जाता है। इसी दिन बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव का भी आयोजन किया जाता है। इसके तहत आज भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को मेडल व प्रशस्त्रि पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

इसके साथ ही शिक्षा, समाजसेवा, कला, साहित्य एवं आध्यात्म के साथ क्षेत्र के विकास में बहुमूल्य योगदान देने वाली महान हस्तियों को 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलंकरण' व 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव सम्मान' भी प्रदान किया जाएगा। बता दें कि जोगी राम कुरैटी द्वारा दी गई 7 एकड़ भूमि एवं बंशीलाल भारद्वाज के निरंतर प्रयास से मात्र 200 की आबादी वाले ग्राम में क्रमशः प्राथमिक से हाई स्कूल तक खुल गए। यहां कन्या एवं बालक छात्रावास भी खुल गए, जहां वर्तमान में कांकेर, बस्तर, धमतरी, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग के आदिवासी बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस वर्ष आयोजन का 11वाँ वर्ष है। यह आयोजन प्रेमलता जगदीश भारद्वाज फाउण्डेशन ग्राम अर्जुनी (गुरूर) व सुमित्रादेवी चौहान फाउण्डेशन रामनगर भिलाई किया जाता है।

## शासकीय विद्यालय मही दही में लगा बाल मेला, बच्चों ने लगाए स्टॉल ...



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला मही–दही में गुरुवार को आनंद मेला का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए। लगाए स्टाल का पालकों एवं शिक्षकों ने अवलोकन किया। स्टाल में बच्चों ने गुपचुप, भेल, भजिया, समोसा के स्टॉल के माध्यम से कुशल व्यापार के गुणों को सीखने का प्रयास किया गया है। इस सफल आयोजन के अवलोकन में संकुल समन्वयक बीजा सुरेश साहू, प्रधान पाठक केपी साहू पूर्व माध्यमिक शाला मही दही, शिक्षक एमपी श्रीवास, जानकी ठाकुर, शिक्षिका हेमलता साहू शिक्षक, प्रधानपाठक अशोक कुमार धुर्वे प्राथमिक शाला, सहायक शिक्षक गजानंद वैष्णव के साथ शाला प्रबंधन समिति के सदस्य समेत पालक उपस्थित हुए।

---

# शिक्षक दुखुराम साहू को मिला संत माता कर्मा समाजवीर अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने भारतीय संविधान दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला मोहरेंगा के शिक्षक व प्रधानाध्यापक दुखु राम साहू को संत माता कर्मा समाजवीर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। श्री साहू को यह उपाधि उनके द्वारा किए गए समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करने के लिए और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए शिक्षा, कला, खेलकूद, नशाबंदी, ग्राम उत्थान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, संस्कृति एवं व्यक्तित्व विकास की आवश्यकताओं में योगदान करने के लिए श्रेष्ठ भूमिका का परिचय देने के कारण मिला है। गुरु घासी दास भवन न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में




आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त जज एसएल मात्रे थे, अध्यक्षता सुशीला बाल्मीकि ने की। विशिष्ट अतिथि संजय मैथिल राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, छन्नु लाल बंजारे, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, नितिन पोटाई, डॉ गोकुल बंजारे चंदन थे। कार्यक्रम का संचालन प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ने किया।

# आयुष स्वास्थ्य शिविर में 487 लोगों की जांच, निःशुल्क उपचार कर दी गई दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिलास्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन 27 नवंबर को नगर के वार्ड क्रमांक 20 पाररास में किया गया। शिविर में कुल 487 मरीजों को निःशुल्क उपचार कर औषधि प्रदान की गई। साथ ही इस शिविर में 82 मरीजों को नेत्र जांच किया गया, 38 मरीजों की हीमोग्लोबिन जांच व 89 मरीजों की ब्लड शुगर जांच की गई।



इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, प्रेम साहू, सरोजिनी डोमेन्द्र साहू, लेखन साहिरो, डॉ आरएम चावड़ा, बेल्सर, जिला आयुष अधिकारी डॉ ज्योति गजभिऐ, आयुष विभाग के चिकित्सक एवं स्टाफ तथा नागरिकों की उपस्थिति में भगवान श्री धन्वंतरी की पूजन अर्चना कर किया गया। सरोजिनी डोमेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में आयुष चिकित्सा पद्धति के लाभ बताते हुए इसे सभी को अपनाने की अपील की। उपस्थित जनसमुदाय को इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ कामना पाठक, डॉ राजेश कुमार झारिया, डॉ शिव कुमार बारले, डॉ बलराम अग्रवाल, डॉ शैलेन्द्र स्वर्णकार, डॉ श्वेता मरावी, डॉ सनत देवांगन, डॉ पूर्णिमा नायक, डॉ चौतन्य पटेल, फार्मासिस्ट मनोज साहू, नरेश भूआर्य, खिलानंद साहू, असवंत साहू, महेंद्र साहू, सत्येन्द्र उपाध्याय, दुलार दास मानिकपुरी, शीतल चुरेन्द्र, औषधालय सेवक शत्रुघ्न लाल ठाकुर, अंकालूराम ठाकुर, रोहित कुमार कतलम, रामचंद जायसवाल, आजाद कुमार साहू, लक्ष्मी नारायण मानकर,तारिणी साहू, आशुतोष राजेत्री, नेत्र सहायक अधिकारी अर्चना ठाकुर, सीएचओ देविका पटेल ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

---

### राजनीति विज्ञान विभाग और एनएसएस का आयोजन

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना ने संयुक्त रूप से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की महत्ता से परिचित कराना और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।





कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनिता गौतम द्वारा सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाकर हुई। तत्पश्चात संविधान निर्माण से संबंधित एक शॉर्ट मूवी का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों ने संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को बेहतर तरीके से समझा। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, गीत प्रस्तुतिकरण और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारतीय संविधान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनिता गौतम ने अपने उद्बोधन में संविधान की विशेषताओं और लोकतंत्र में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि यह नागरिकों के कर्तव्यों की ओर भी इंगित करता है।

राजनीति विज्ञान विभाग के अतिथि व्याख्याता दीनानाथ सारथी, अंकित कुमार एवं डॉ. विमलेश कुमार ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

उन्होंने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को संविधान दिवस के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511